# ऋण खाता

## परिचय

सरकार समय-समय पर सामाजिक-आर्थिक विकास के कई कार्यक्रमों को समाविष्ट करती है, जिनका उद्देश्य उत्पादन में वृद्धि, अतीत में निर्मित विभिन्न परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग करना है, साथ ही जनसंख्या की न्यूनतम सामाजिक और आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करना और विशेष रूप से समाज के कमजोर लोगों के वर्गों का।

उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए भारी धनराशि की आवश्यकता होती है और राज्य सरकार को इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए धनराशि उधार लेनी और उधार देनी होती है। इसलिए, सरकार की देनदारियां और संपत्ति को "ई-लोक ऋण" और "एफ - ऋण और अग्रिम" के रूप में प्रदर्शित की जाती हैं; "ई-लोक ऋण" उन स्रोतों को इंगित करता है जिनसे राशि उधार ली गई है और "एफ - ऋण और अग्रिम" उन स्रोतों को इंगित करता है जहाँ राशियाँ उधार दिए गए हैं।

**क) केन्द्रीय ऋण और आंतरिक ऋण - "ई-लोक ऋण" के तहत प्राप्त ऋणों को निम्नलिखित मुख्य शीर्षो के तहत प्रदर्शित किया जाता है: -**

**(1) मुख्य शीर्ष 6003 -राज्य सरकार का आंतरिक ऋण**

(i) ब्याज सहित बाजार लोन
(ii) ब्याज रहित बाजार लोन
(iii) भारतीय जीवन बीमा निगम से ऋण
(iv) भारतीय रिज़र्व बैंक के राष्ट्रीय कृषि ऋण कोष से ऋण
(v) भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बैंकों से ऋण
(vi)अन्य संस्थाओं जैसे राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से ऋण, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भारतीय डेयरी विकास निगम, भारतीय सामान्य बीमा निगम आदि से ऋण
(vii) भारतीय रिज़र्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम
(viii) मुआवजा और अन्य बांड.
(ix)कपड़ा मिलों के पूर्व-श्रमिकों से ऋण.

**2. मुख्य शीर्ष -6004 केंद्र सरकार से ऋण और अग्रिम :**

(i) केंद्र सरकार से ऋण
**(ii)** आयोजन योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से अर्थोपाय अग्रिम

**ख) संस्थान ऋण: सरकार के द्वारा ऋण और अग्रिम के रूप में पैसा उधार दी जाती है जिसे "एफ - ऋण और अग्रिम" के तहत प्रदर्शित किया जाता है । ये निम्नलिखित प्रकार के हैं:**

1. अन्य सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं के लिए ऋण) :मुख्य शीर्ष 6202 -, 6210, 6215, 6216, 6217, 6220, 6235, - (6250इनमें शिक्षा; कला और संस्कृति; मेडिकल; सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता; जलापूर्ति; आवास; शहरी विकास; सूचना और प्रचार; सामाजिक सुरक्षा और कल्याण; अन्य सामाजिक और सामुदायिक सेवाएं के लिए ऋण शामिल हैं।

2. अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं के लिए ऋण6425 -मुख्य शीर्ष) :,7465, - (7475इनमें सहकारी समितियों के लिए ऋण, सामान्य वित्तीय और व्यापारिक संस्थानों को ऋण और अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं के लिए ऋण शामिल हैं।

3. कृषि के लिए ऋण) : मुख्य शीर्ष 6402 -से6406 , 6408,6435,6515, - (6702इनमें कृषि, लघु सिंचाई, मृदा संरक्षण और क्षेत्र विकास, खाद्य, पशुपालन, डेयरी विकास, मछली पालन, वन, सामुदायिक विकास आदि के लिए ऋण शामिल हैं।

4. उद्योग और खनिजों के लिए ऋण: (मुख्य शीर्ष- 6851, 6860, 6885) - इनमें औद्योगिक अनुसंधान और विकास; ग्राम और लघु उद्योग; उपभोक्ता उद्योग, औद्योगिक वित्त संस्थान के लिए ऋण शामिल हैं ।

5. जल और विद्युत विकास के लिए ऋण: (मुख्य शीर्ष - 6801) - इसमें विद्युत परियोजनाएं शामिल हैं।

6. परिवहन और संचार के लिए ऋण: (मुख्य शीर्ष- 7056, 7075, 7615) - इनमें सड़क और जल परिवहन सेवाओं, अन्य परिवहन संचार सेवाओं और विविध सेवाओं के लिए ऋण शामिल हैं।

7. मुख्य शीर्ष 7610 के तहत अग्रिमों का विस्तृत लेखा-जोखा राज्य सरकार द्वारा रखा जा रहा है।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी/लोन –I